आवासन मंडल का कर्मचारियों को तोहफा

आवासन मंडल 11 शहरों में लॉन्च करेगा आवासीय योजनाएं

2 व 3 बीएचके साइज के बनेंगे 624 फ्लैट्स

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। आवासन मंडल ने प्रदेश के कर्मचारियों और आमजन को बड़ा तोहफा देते हुए 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लॉन्च करने का निर्णय लिया है। इन योजनाओं की लॉन्चिंग एक माह के भीतर मुख्यमंत्री के स्तर पर करवाई जायेगी। जयपुर के प्रताप नगर में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना बनेगी।

प्रताप नगर में मिलेंगे मकान

अरोड़ा ने बताया कि कर्मचारियों को उचित कीमत पर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जयपुर के प्रताप नगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लॉन्च की जाएगी। इस योजना में प्रत्येक स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार कुल कुल 674 फ्लैट्स निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में 10 लाख 90 हजार रुपये में 632 वर्गफीट में निर्मित 2 बीचएचके फ्लैट, 15 लाख 70 हजार रुपये में 882 वर्गफीट क्षेत्र में शेष पृष्ठ 7 पर

अरोड़ा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति का सपना है कि उसका अपना घर हो। उनके इस सपने को साकार करने के लिए मंडल द्वारा प्रत्येक वर्ग की जरुरतों के हिसाब से उचित कीमत पर आवासीय योजना तैयार की गई हैं।